संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार, 17 जनवरी 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 17 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaharyana@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी मशाल लेकर चलते हुए।

## घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से अभी नहीं मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर भारत के कई राज्य शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। जिस वजह से कई उड़ानों में देरी भी हुई।

**मौसम विभाग ने ठंड को लेकर जारी की चेतावनीः** इस बीच मौसम विभाग ने भीषण ठंड को लेकर चेतावनी दी है। उत्तर भारत में मौसम की स्थिति पर आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों के मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा, पंजाब में अगले दो से तीन दिनों तक भीषण ठंड का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही कोहरे की स्थिति भी बनी रहेगी।

**17 फ्लाइट हुई रद्दः** बता दें कि आज सुबह घना कोहरा होने के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगभग 30 उड़ानों में देरी हुई। इसके अलावा 17 उड़ानों को रद्द कर दिया गया।

**ट्रेनों पर पड़ा ठंड का असर :** मौसम विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आयानगर और सफदरजंग में 25 मीटर की विजिबिलिटी दर्ज की गई, जबकि रिज और पालम क्षेत्रों में 50 मीटर की विजिबिलिटी दर्ज की गई है। घने कोहरे के कारण मंगलवार को दिल्ली जाने वाली कुल 30 ट्रेनें भी देरी से चलीं।

**कोहरे के कारण विजिबिलिटी हुई कम**
भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वाराणसी में आज सुबह 5:30 बजे 0 मीटर विजिबिलिटी दर्ज की गई, जबकि लखनऊ में 25 मीटर विजिबिलिटी दर्ज की गई है। आईएमडी के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कई हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। साथ ही पंजाब, पूर्वी मध्य प्रदेश, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और पश्चिम उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

## 'प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मोदी-संघ का फंक्शन'

= इसे चुनावी कलेवर दिया गयाः राहुल, बीजेपी बोली- वे ख्याली दुनिया में जी रहे

**दो टूक**

8 हिंदू धर्म के जो लीडर/अथॉरिटी हैं, उन्होंने कहा है कि वो इस राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा पाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/कोहिमा**
**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे दिन राहुल गांधी नगालैंड की राजधानी कोहिमा पहुंचे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का फंक्शन है। इसे पूरी तरह से चुनावी कलेवर दिया गया है। हिंदू धर्म के जो लीडर/अथॉरिटी हैं, उन्होंने कहा है कि वो इस राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा पाएंगे। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष ने वहां जाने से इनकार किया था। इस पर भाजपा ने कहा कि वे खयाली दुनिया में जी रहे हैं।



### पिछली यात्रा ऐतिहासिक रहीः राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक चली पिछली यात्रा ऐतिहासिक रही थी। लोगों ने हमसे कहा कि ईस्ट से वेस्ट या वेस्ट से ईस्ट की भी यात्रा होनी चाहिए। इसके बाद ईस्ट से वेस्ट करना तय हुआ। शुरूआत मणिपुर से की है। राहुल बोले- मणिपुर के साथ बहुत अन्याय हुआ। पहली बार हिंदुस्तान के किसी राज्य में महीनों से हिंसा चल रही है। पीएम मोदी और बीजेपी के लोग यहां आए तक नहीं। पीएम ने नगालैंड से किया अपना वादा पूरा नहीं किया है।

### 15 राज्यों की 100 लोकसभा सीटों को कवर करेगी भारत न्याय यात्रा

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के लिए मणिपुर में रहेगी। इसके बाद यह नगालैंड में प्रवेश करेगी और दो दिनों में 257 किमी और 5 जिलों को कवर करेगी और आठ दिनों में असम में 833 किमी और 17 जिलों को कवर करेगी। इसके बाद यात्रा एक-एक दिन के लिए अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जाएगी।

रूट मैप के मुताबिक, यात्रा पश्चिम बंगाल में पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें 523 किमी और सात जिले शामिल होंगे। बिहार में चार दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा।

## इलेक्शन में एआई का इस्तेमाल नहीं करने देगी कंपनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एआई** बेस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ओपेनएआई ने कहा है कि एआई का इस्तेमाल भारत में लोकसभा चुनाव कैंपेन के लिए नहीं किया जा सकेगा।

चुनाव निष्पक्ष आधार पर होना जरूरी है। ओपेनएआई ने सोमवार को कहा कि वह कुछ ऐसे टूल लाएगी, जिससे डीपफेक वीडियोज, फोटोज और फेक न्यूज को रोका जा सके। चैटबॉट ने सूचना कहां से ली है, इसके लिए वो लिंक्स भी अटैच करेगी। कंटेट को इस्तेमाल करने के लिए कंपनी, फॉक्स न्यूज, टाइम और ब्लूमबर्ग समेत कई मीडिया संस्थानों के साथ बातचीत कर रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमिः सर्वे पर लगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट ने** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए आयुक्त ( कोर्ट कमिश्नर ) नियुक्त करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने कहा है कि अदालत मामले की सुनवाई जारी रखे। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की तरफ से दायर की गई एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगा दी।

**मस्जिद कमेटी के वकील के इस तर्क पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया अंतरिम आदेशः** गौरतलब है कि अपने आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक एडवोकेट कमिश्नर (कोर्ट कमिश्नर) नियुक्त करने का आदेश दिया था। इस एडवोकेट कमिश्नर को मस्जिद परिसर का सर्वे करना था।

मस्जिद कमेटी की तरफ से वकील तसनीम अहमदी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुईं। वकील ने तर्क दिया कि जब पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत मथुरा मामले को खारिज करने की याचिका अभी तक लंबित है, ऐसे में हाईकोर्ट सर्वे का आदेश नहीं दे सकता। इस पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने तर्क को सही माना और हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है।



**सुप्रीम आदेश**

8 कोर्ट ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए आयुक्त नियुक्त करने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी

## माल्या-नीरव मोदी-संजय भंडारी को लंदन से लाने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत सरकार के भगोड़े अपराधियों को लंदन से लाने की तैयारी कर रही है। इसमें बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या, हीरा व्यवसायी नीरव मोदी और आर्म्स डीलर संजय भंडारी शामिल हैं।

इन्हें लाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम लंदन जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के सीनियर अफसरों की टीम और ब्रिटेन स्थित भारतीय हाईकमीशन के बीच लंदन में मीटिंग शेड्यूल्ड है। इस मीटिंग में ब्रिटेन के अफसर भी शामिल होंगे। इसमें भारत के अधिकारी ये जानकारी जुटाएंगे कि इन भगोड़े अपराधियों ने लंदन और अन्य देशों में कौन सी प्रॉपर्टीज में पैसा लगाया और कहां-कहां ट्रांजैक्शन किया।






# धामी ने समाज कल्याण विभाग के चयनित 26 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से चयनित समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत 26 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसमें 15 सहायक लेखाकार और 11 कनिष्ठ सहायक शामिल हैं।
इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित कार्मिक लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और राज्य के विकास व जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक जन



कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय पर लाभ मिले, समाज कल्याण विभाग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने कार्यक्षेत्र की शुरूआत के दौरान ही दिनचर्या बनाते हैं और नियमित दिनचर्या के साथ कार्य करते हैं, तो सभी कार्य सुगमता से पूर्ण होते हैं। कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने और लोगों की मदद करने की भावना सबके मन में होनी चाहिए। जब हम सही भावना से कोई कार्य करते हैं, तो इससे मन में संतुष्टि का भाव होता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक भर्ती प्रक्रियाएं गतिमान हैं। भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराने के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद से सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता से हुई है।
इस मौके पर सचिव समाज कल्याण बृजेश कुमार संत, निदेशक समाज कल्याण आशीष भटगाई उपस्थित थे।

# व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन दिया धरना

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने धार्मिक ट्रस्टों की तानाशाही के चलते व्यापारियों का अनाप-शनाप किराया वृद्धि और अन्य तरीकों से उत्पीड़न कर किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर धरना दिया।मंगलवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल की संघर्ष समिति ने पंजाब सिंध क्षेत्र कार्यालय के बाहर जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के नेतृत्व और जिला महामंत्री दीपक कुमार तायल के संचालन में धार्मिक ट्रस्टों का व्यापारियों का अनाप-शनाप किराया वृद्धि और अन्य तरीकों से उत्पीड़न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर धरना दिया।
इसमें सैकड़ों व्यापारियों उपस्थित हुए, जिन्होंने चेतावनी दी नगर की समस्त धार्मिक संस्थाएं अपने व्यवहार में परिवर्तन कर व्यापारियों के साथ सहयोग आत्मक रवैया अपनाए और वह अनाप-शनाप तरीके से किराया बढ़ाना बंद करें।



व्यापारियों ने बाबा काली कमली वाला ट्रस्ट के बाहर भी जाकर काली कमली के अधिकारियों को चेताया कि शीघ्र ही व्यापारियों के हित में निर्णय ले अन्यथा इसके परिणाम घातक होंगे।
व्यापारियों ने सामूहिक रूप से अपनी एकता का प्रदर्शन करते हुए कहा कि पूर्व में हुई दुखद घटना की पुनरावृत्ति ना हो। इसकी जिम्मेदारी ट्रस्टों की ही होगी। ऐसी चेतावनी के साथ अपनी बात रखी। तत्पश्चात मुखर्जी मार्ग स्थित गोपाल मंदिर ट्रस्ट को भी एक पत्र ट्रस्ट के किरायेदारों के विरुद्ध उनके द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के विरोध में संवाद हेतु दिया गया।
प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ,जिला महामंत्री दीपक कुमार तायल, नगर अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, नगर महामंत्री प्रतीक कालिया, वरिष्ठ व्यापारी नेता राजकुमार अग्रवाल , विनोद अग्रवाल, दीपक दरगन ,रवि जैन ,मधु जोशी सहित सैकड़ों व्यापारियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## न्यूज फ्लैश

### श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा तक स्कूलों में होगा सांस्कृतिक उत्सव

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीराम मंदिर में राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा तक स्कूलों में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा।
खंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्र ने हल्द्वानी विकास खंड के राजकीय, अशासकीय और सीबीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालयों में 22 जनवरी तक आयोजन करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया, 18 जनवरी को निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता, 19 को उत्तराखंड समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रैली, 20 को स्वच्छता अभियान, 22 जनवरी को दीपोत्सव व आरती का आयोजन किया जाएगा। सभी विद्यालयों को कार्यक्रम के बाद हर दिन की रिपोर्ट संकुल प्रभारी को देने के निर्देश दिए हैं।

### चमोली के आपदा प्रभावित 79 परिवारों के पुर्नवास के लिए 339.75 लाख की स्वीकृत



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक हुई। जिसमें जनपद के पांच आपदा प्रभावित गांवों के 48 परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास के लिए द्वितीय किस्त के रूप में 1.08 करोड़ धनराशि और पैनगढ़ गांव के 31 परिवारों के विस्थापन के लिए 1.31 करोड़ धनराशि जारी करने की स्वीकृत प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवार के पुनर्वास वाले स्थानों पर बिजली, पानी, कनेक्टिविटी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाए।
विस्थापन एवं पुनर्वास के लिए जिन 48 परिवारों के लिए द्वितीय किस्त की धनराशि स्वीकृत की गई है, उसमें तहसील नंदानगर (घाट) के अंतर्गत कनोल गांव के 31 परिवार, तहसील कर्णप्रयाग के अंतर्गत ग्वाड़ गांव के तीन परिवार और तहसील थराली के अंतर्गत बैडगांव के पांच, सूना गांव के कल्याड़ी तोक से तीन और बैनोली गांव के छह परिवार शामिल है। इन सभी 48 परिवारों को पहली किस्त के रूप में 96 लाख की धनराशि पूर्व में आवंटित कर दी गई थी। जबकि तहसील थराली के अंतर्गत आपदा प्रभावित पैनगड गांव के 30 परिवारों को निजी नाप भूमि एवं एक परिवार को राजस्व भूमि में विस्थापित किया जाना है।
पैनगड गांव के 31 परिवारों के विस्थापन के लिए एक मुश्त 4.25 लाख प्रति परिवार की दर से एक करोड़ इक्कतीस लाख पिच्चहतर हजार की धनराशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास के लिए प्रति परिवार 4.25 लाख की धनराशि दी जाती है। जिसमें चार लाख भवन निर्माण, 10 हजार विस्थापन भत्ता तथा 15 हजार गौशाला निर्माण के लिए दिया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि तहसीलों से 79 परिवारों के विस्थापन के लिए प्रस्ताव मिले थे। प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए शासन से 339.75 लाख की धनराशि मिली थी। जो प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए आवंटित कर दी गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी सहित संबधित तहसीलों से उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

# प्रमुख वन संरक्षक ने ली सभी DFO की बैठक, वन्यजीवों के हमले रोकने की रणनीति बनाने के निर्देश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बीस दिन में देहरादून में गुलदार के हमले की दो घटनाएं होने के बाद पुलिस और वन विभाग भी चौकन्ना है।
उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों के मामलों को देखते हुए वन महकमा भी अलर्ट है। मंगलवार को प्रमुख वन संरक्षकअनूप मालिक ने सभी डीएफओ को बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए नई रणनीति बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी डीएफओ को हिदायत भी दी कि सभी जल्द से जल्द इस पर काम करें।



बता दें कि बीस दिन में देहरादून में गुलदार के हमले की दो घटनाएं होने के बाद पुलिस और वन विभाग भी चौकन्ना है। राजपुर और रायुपर थाना की पुलिस अलग-अलग पेट्रोलिंग वाहनों से लाउडस्पीकर से लोगों को अलर्ट कर रही है।

# भाजपा मुख्यालय में खुला नाना जी देशमुख पुस्तकालय

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में नाना जी देशमुख पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इसमें पार्टी के वैचारिक और सैद्धांतिक पक्ष के साथ संसदीय प्रणाली, संविधान, साहित्य, सर्व धार्मिक विषयों को पुस्तकें संकलित की गई हैं।
इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि पुस्तकों की सर्वांगीण व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए हम सबको अपने बौद्धिक एवं वैचारिक संवर्धन के लिए पुस्तकों एवं पुस्तकालयों का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।
प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय



कुमार ने कहा कि कार्यकताओं और कार्यालय में आने वाले लोगों को यहां मौजूद पाठ्य सामग्री का अध्ययन करना चाहिए। केवल पार्टी के बारे में ही नहीं बल्कि सभी पक्षों को समझने का प्रयास करें।
लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि यहां पार्टी के वैचारिक, सैद्धांतिक विषयों के साथ उसके राजनैतिक इतिहास को बताने वाली किताबें हैं । इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के साथ अंग्रेजी व अन्य भाषाओं के साहित्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वीर सावरकर, डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, महात्मा गांधी, डाक्टर भीमराव अंबेडकर एवं स्वामी विवेकानंद के विचार, संसदीय और संवैधानिक प्रणाली, पौराणिक ग्रंथ, रामायण, भागवत गीता जैसे सनातनी संस्कृति के साथ अन्य धर्मों की पुस्तकें भी यहां हैं।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, सुभाष बड़थ्वाल, राजेंद्र नेगी, शिव प्रसाद ममगाई, राजीव तलवार, राजकुमार पुरोहित समेत कई पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कोहरे के बीच खिली हल्की धूप, शीतलहर ने बढ़ाई ठंड, आठवीं तक के स्कूल बंद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में आज भी मौसम बिगड़ा हुआ है। राजधानी देहरादून समेंत प्रदेश के कई इलाकों में दिन की शुरूआत हल्के कोहरे के साथ हुई। वहीं, कई जगहों पर धुंध के साथ बादल छाए हैं, तो कहीं पर हल्की धूप खिली है।
उधर, प्रदेश के पांच जिलों देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में घना कोहरा छाने का अलर्ट है। हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कोहरे का असर सबसे अधिक देखने को मिलेगा। पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने से शीतलहर परेशान करेगी।

**तापमान**

**8 दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अगले चार दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। जिसके चलते प्रदेश भर में मैदान से लेकर पहाड़ तक सूखी ठंड पड़ेगी। दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, लेकिन रात का न्यूनतम तापमान गिरने से सुबह-शाम खूब ठंड हो रही है। सोमवार को दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
कहां कैसा है मौसम
चमोली जनपद में मौसम खराब। आसमान में हल्के बादल छाए। चारों ओर फैली धुंध।
नई टिहरी व आस-पास के क्षेत्र में धूप खिली हुई।
पहाड़ो की रानी मसूरी, धनोल्टी और कैम्पटी में धूप खिली।
श्रीनगर में कोहरा छाया हुआ है।

## पत्रकार अमित के निधन पर जताया शोक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश के युवा पत्रकार अमित सूरी के मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन पर नगर के सभी पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।
ऋषिकेश प्रेस क्लब में आयोजित क्लब के अध्यक्ष दुर्गा नौटियाल की अध्यक्षता और महामंत्री विनय पांडे के संचालन में आयोजित लोकसभा के दौरान सभी पत्रकारों ने अमित सूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा को अपने चरणों में शरण देने की कामना की। अमित सूरी समाचार पत्रों के लिए कार्य कर रहे थे, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से कम समय के कार्यकाल में अच्छी पैठ बनाई हुई थी।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा आज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की बेटी अंकिता को धामी सरकार से न्याय दिलाने के लिए 17 जनवरी को प्रातः 11.30 ऋषिकुल तिराहे से शंकर आश्रम चौक तक न्याय यात्रा निकाली जायेगी। पहले 17 जनवरी को होने वाली न्याय यात्रा कनखल चौक से आर्यनगर चौक तक होनी थी, मगर अब कनखल चौक से होने वाली यात्रा 17 जनवरी के बाद होगी। उक्त जानकारी कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग, ने संयुक्त रूप से दी। महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने बताया कि न्याय यात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और सभी ब्लॉक अध्यक्षों विमल साद्ध, विकास चंद्रा, जतिन हांडा, अमित नौटियाल, ज्वालापुर के नगर अध्यक्ष अंकित चौहान को यात्रा को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने आमजन से भी अपील की की उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के लिए 17 जनवरी को होने वाली इस न्याय यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# जय श्रीराम के जयघोष के साथ शांतिकुंज दल मुंबई रवाना

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मुंबई अश्वमेघ महायज्ञ के लिए 21 से 25 फरवरी के बीच आयोजित होने वाले शांतिकुंज से उच्च स्तरीय एक दल रवाना हुआ। दल को अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया।
दल अपने साथ यज्ञशाला, निर्माण, प्रदर्शनी आदि से संबंधित सामान लेकर वीडियो रथ सहित सात बड़ी गाड़ियों में रवाना हुआ। यह दल अपनी यात्रा के दौरान उत्तराखण्ड, उप्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के क्षेत्रों में जनजागरण करते



हुए जायेगा।
इस अवसर पर डॉ पण्ड्या ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभुश्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, इसके एक माह के बाद अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में मायानगरी मुंबई में अश्वमेध महायज्ञ निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक अनुष्ठान से मायानगरी के निवासियों के विचारों में शुद्धता आयेगी। यहां से निकलने वाले प्रत्येक विचार सनातन संस्कृति, भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत होगी, जो युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।
उन्होंने बताया कि देश विदेश से तीन लाख से अधिक लोग इस महायज्ञ में भागीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उत्तर मण्डल अभियंता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदाकाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 269-DRM-MB-23-24 Dt : 15.01.2024 |
| Name of Work | Conducting "Continuous Scour Monitoring" of foundations using SONAR echo range technology by Airmar Echo Range SS 510 Smart sensor or similar equipment of bridge no. 5A(BE-CH) under Sr.DEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date Time | 09.02.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 4015271.06 |
| Earnest Money (Rs.) | 80300.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 26.01.2024 |
| Period of Completion | 16 Months |

टेण्डर नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 15.01.2024 184/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उत्तर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदाकता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 270-DRM-MB-23-24 Dt. 15.01.2024 |
| कार्य का नाम | Structural condition survey by under water inspection and video graphy of Br. No. 27 (BLM-SPC), Br. No. 52 (MB-GZB) and Br. No. 101 (CH-ALJN) section by Remote Operated Robotic Vehicle (RORV) in the Moradabad Division. |
| टेन्डर क्लोजिंग दिनांक | 08.02.2024 |
| टेन्डर क्लोजिंग समय | 16.00 |
| अनुमानित लागत | रु. 14,06,441.26 |
| धरोहर राशि | रु. 28,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 25.01.2024 |

सं.: Sr. DEN-IV/Publication/23-24 दिनांक: 15.01.2024 183/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रैली के साथ सड़क सुरक्षा माह का विधिवत किया शुभारंभ

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस के साथ-साथ अन्य विभागों ने संयुक्त बाइक, कार रैली निकाल कर आमजन को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक कियागया।
15 जनवरी से 14 फरवरी तक पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल एवं एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों, अन्य संगठनों व आमजन ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। इसके बाद डीएम और एसएसपी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



रैली नेहरू युवा केंद्र से आरंभ होकर रानीपुर मोड़, शंकर आश्रम तिराहा, सिंह द्वारा चौक, प्रेम नगर आश्रम चौक, शंकराचार्य चौक, चंडी चौक, वाल्मीकि चौक, शिव मूर्ति चौक, देवपुरा चौक, ऋषिकुल से रानीपुर मोड़ होते हुए वापस नेहरू युवा केंद्र पर समाप्त हुई। रैली में हरिद्वार पुलिस के साथ-साथ एनएचएआई, परिवहन विभाग सहित जनपद हरिद्वार में विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया।
सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार 34वें सड़क सुरक्षा माह 2024 में सड़क सुरक्षा गतिविधियां, सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, सेमिनार तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सोशल मीडिया के माध्यम से यातायात जन जागरूकता, ग्राफिक्स वीडियो मैसेज आदि का प्रचार प्रसार, ट्रक बस टैक्सी चालकों आदि यूनियनों के साथ गोष्ठी आयोजित कर जन जागरूकता कार्यक्रम व सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए फर्स्ट एड की जानकारी दी जाएगी।
इस अवसर पर डीएम, एसएसपी, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, एसपी क्राइम पंकज गैरोला, एएसपी, सीओ सदर जितेंद्र मेहरा, सीओ ज्वालापुर शांतनु परासर, सीओ ट्रैफिक स्वप्निल मुयाल, सीओ लक्सर निहारिका सेमवाल, सीओ राकेश रावत, टीआई रुड़की, टीआई हरिद्वार, सीपीयू इंचार्ज एवं प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पौड़ी-गुमखाल के पास कार खाई में गिरी

**देहरादून/पौड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली से पौड़ी शादी में जा रहे कार सवारों का वाहन अनियंत्रित होकर पौड़ी-गुमखाल के पास गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एसडीआरएफ ने कार में सवार 03 लोगों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। दिल्ली से पौड़ी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए वैगन आर कार में सवार 03 लोग जा रहे थे। इसी दरम्यान गुमखाल से सतपुली की ओर से लगभग 01 किलोमीटर आगे एक बैंड पर कार अनियंत्रित होने 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। पुलिस चौकी सतपुली की ओर से एसडीआरएफ को कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर मुख्य आरक्षी महावीर सिंह के हमराह रेस्क्यू टीम मय आवश्यक उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

change of name
I **Bhagwan** Devi Bisht D/o Bakhtawar Singh Bartwal and W/o Daulat Singh Bisht R/o 252, Near Janta Inter College, Nayagaon, Dehradun, Uttarakhand-248007, have changed my name to Bhagwan Devi

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे पिथौरागढ़, रोड शो में किया प्रतिभाग

**प्रतिभाग**

**8 मुख्यमंत्री ने सुरेन्द्र सिंह बल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम से देव सिंह मैदान तक रोड शो में प्रतिभाग किया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार दोपहर अपने एक दिवसीय दौरे पर "दीदी भुली महोत्सव" में शामिल होने के लिए पिथौरागढ़ पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल सुरेन्द्र सिंह बल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम से देव सिंह मैदान तक रोड शो में प्रतिभाग किया।
मुख्यमंत्री के रोड शो में बड़ी



संख्या में भीड़ मौजूद है।
इस मौके पर "दीदी-बैंणा" नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास और स्वच्छता कार्यक्रम में चटकेश्वर मंदिर, पिथौरागढ़ में सहभाग करेंगे।

## गुरु गोबिन्द सिंह का आध्यात्मिक संदेश विश्व कल्याण के लिए है: राज्यपाल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह का महान व्यक्तित्व, उनके आध्यात्मिक संदेश हम सबकी भलाई और विश्व कल्याण के लिए है।
राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने अपने संदेश में ने कहा कि हमारे देश, धर्म, संस्कृति और सभ्यता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने हमें सदैव पवित्र भावनाओं और महान विजय की सीख दी है। उनका जीवन लोगों की सेवा और सत्य, न्याय एवं करुणा के जीवन-मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। गुरु गोविंद सिंह का जीवन और शिक्षाएं हमें आज भी प्रेरित करती हैं।

## हरकी पौड़ी से राम जय घोष के साथ श्रीराम रथ यात्रा का हुआ शुभारम्भ

**शुभारंभ**

**8 श्रीराम रथ यात्रा का शुभारंभ हर की पौड़ी पर मां गंगा का पूजन कर किया गया।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विचार जागृति मंच एवं विश्व हिन्दू सनातन धर्म ट्रस्ट ने अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में श्रीराम रथ यात्रा का शुभारंभ हर की पौड़ी पर मां गंगा का पूजन कर किया गया।
नगर विधायक मदन कौशिक सहित बाबा हठयोगी, महंत ऋषिश्वरानंद, महंत रूपेंद्र प्रकाश, महंत मुरलीदास महाराज, डॉक्टर महेन्द्र आहूजा, विशाल चौहान ने श्रीराम रथ यात्रा का शुभारंभ किया।
इस अवसर पर नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि बरसों की प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम लला मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं करोड़ों सनातन प्रेमियों के लिए यह गौरव का पल है। हरकी पौड़ी से प्रारंभ हुई श्रीराम रथ यात्रा हरिद्वार सहित विश्व भर में धर्म का सकारात्मक संदेश प्रसारित करेगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिवस पर सभी भारतवासी इस ऐतिहासिक क्षण को दीपावली उत्सव के रूप में मनायें।
बाबा हठयोगी एवं स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि भारत के प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा में प्रभु श्रीराम का कण-कण विराजमान है। हजारों बलिदानों के बाद अयोध्या में भव्य रूप से श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। हम सभी के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है। संत समाज अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराएगा। श्रीराम रथ यात्रा के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पवित्र हर की पौड़ी का गंगाजल अयोध्या पहुंचाया जाएगा। धर्मनगरी के लिए गौरवान्वित एवं ऐतिहासिक क्षण है।
विचार जागृति मंच के अध्यक्ष सुधीर शर्मा एवं समाजसेवी विशाल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तत्वावधान में हिंदू तीर्थों का लगातार विकास हो रहा है। हम सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ के उज्वल भविष्य और दीघार्यु की कामना करते हैं। श्रीराम रथ यात्रा के माध्यम से प्रत्येक भारतवासी के हृदय में प्रेम एवं स्वाध्याय की भावना जागृत करना ही मूल उद्देश्य है।
अयोध्या में निर्मित प्रभु श्री राम का मंदिर विश्व दर्शनीय एवं विश्व वंदनीय होगा।
रथ यात्रा में जगह-जगह पुष्पवर्षा में मुख्य रूप से आरएसएस प्रांत प्रचारक पदम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, मुकेश अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, अनिल भारती, आदि शामिल रहे।

## बीकेटीसी ने राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अयोध्या में भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने मंगलवार को कारगी चौक देहरादून स्थित मां चंद्र वदनी मंदिर और अष्ट भुजा हनुमान मूर्ति परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें मंदिर समिति अधिकारियों- कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी के सभी मंदिरों में विशेष पूजाओं, दीपोत्सव स्वच्छता अभियान सहित एलईडी से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा



समारोह अयोध्या के सजीव प्रसारण के लिए मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने आदेश जारी किये।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि बीते दिनों आदि गुरू शंकराचार्य गद्दीस्थल, श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ, पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ और विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी सहित योग बदरी पांडुकेश्वर, में स्वच्छता एवं जनजागरण भक्ति- भजन का अभियान चलाया गया। सभी अधिनस्थ मंदिरों में भी बीकेटीसी जनजागरण एवं स्वच्छता अभियान चला रही है जो भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी के बाद तक चलते रहेंगे।

## तोड़फोड़ के खिलाफ सड़कों पर उतरे व्यापारी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क चौड़ीकरण के नाम पर शहर में व्यापारिक प्रतिष्ठान तोड़े जाने के विरोध में मंगलवार को व्यापारी सड़कों पर उतर आए। व्यापारियों ने रामलीला मैदान से जुलूस निकालकर प्रदर्शन शुरू किया। विरोध में ओके होटल तिराहे से मंगलपडाव तक बाजार भी बंद रखा गया। व्यापारियों ने प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए तोड़फोड़ पर तत्काल रोक नहीं लगने पर उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी।

## सड़क की मांग: ग्रामीणों ने फूंका विधायक राजेंद्र भंडारी का पुतला

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड के उर्गम घाटी के डुमक गांव को सड़क से जोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों का डुमक गांव में धरना मंगलवार को 21वें दिन भी जारी रहा।
ग्रामीण महिलाओं के साथ ही बुजुर्गों ने मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी का पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया, वहीं सड़क की मांग को लेकर हल्ला बोल पदयात्रा कर रहे गांव के युवा 16वें दिन देवर गांव पहुंच गये हैं। जहां पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया तथा उनकी मांग का समर्थन करते हुए 18 को जिला मुख्यालय गोपेश्वर में आयोजित प्रदर्शन में भागेदारी



करने की बात कही।
गौरतलब है कि सैंजी लग्गा मैकोट-बैमरू-डुमक मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर डुमक गांव के ग्रामीणों की ओर से बीते 27 दिसम्बर से जहां डुमक गांव में ही धरना दिया जा रहा है, वहीं एक जनवरी से गांव के युवाओं की ओर से अपने आंदोलन को समर्थन मांगने के लिए गांव-गांव जाकर हल्ला बोल पदयात्रा भी निकाली जा रही है, जो विभिन्न गांवों से होते हुए मंगलवार को देवर गांव पहुंच गई है।
गांव के लोगों ने उनका स्वागत किया और उन्हें आंदोलन का समर्थन भी दिया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भंडारी ने कहा कि आंदोलन के 21 दिन हो गए हैं, लेकिन क्षेत्रीय विधायक की ओर से भी उनके आंदोलन को लेकर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। शासन-प्रशासन पहले ही ढुलमुल रवैया अपना रहा है।
उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार भी डुमक में रामलीला मंचन के दौरान पहुंचे थे। उनसे भी उन्होंने सड़क की मांग को लेकर बात रखी थी, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला पर कार्य कुछ नहीं हुआ। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधि उनके साथ धोखा ही कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय यूवा पुरस्कार २०२४ , नासिक में हुए संपन्न

**देहरादून।** २७ वें राष्ट्रीय महोत्सव के ४थे दिन देश भर से आये १५ युवाओं को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय राज्यमंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय श्री निशीथ प्रमानिक के हाथों युवाओं सम्मानित हुआ। इस दौरान युवा मंत्रालय की डायरेक्टर माननीय श्रीमती वनिता सूद, माननीय विभागीय आयुक्त श्री राधाकृष्ण गमे और महाराष्ट्र के माननीय खेल आयुक्त डॉ.सुहास दिवसे मौजूद रहे। नासिक शहर में आयोजन हो रहे राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान आयोजित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित युवाओं के नाम कुछ इस प्रकार है रू श्री अधि दैव (१७), गुरुग्राम, हरियाणा, श्री अंकित सिंह, छत्तरपुर, मध्य प्रदेश, श्री बिसाठी भरत , अनंतपुरम, आंध्र प्रदेश, श्री केवल किशोरभाई पावरा (२७) बोटाद, गुजरात, सूश्री पल्लवी ठाकुर (२६), पठानकोट, पंजाब, श्री प्रभात फोगाट (२५), झज्जर, हरियाणा राम बाबू शर्मा (२८), जयपुर, राजस्थान, श्री रोहित कुमार (२९), चंडीगढ़, सुश्री साक्षी आनंद (२६), पटना, बिहार, श्री सम्राट बसाक (२८), धलाई, त्रिपुरा, सत्यदेव आर्य (३०), बरेली, उत्तर प्रदेश सुश्री वैष्णवी श्याम गोतमारे (२६), अकोला, महाराष्ट्र, सुश्री विधी सुभाष पलसापुरे (२६), लातूर, महाराष्ट्र, सुश्री विनीशा उमाशंकर (१७), तिरुवन्नामलाई, तमिलनाडु, श्री विवेक परिहार, उधमपुर, जम्मू-कश्मीर से प्रमुख विजेता रहे राष्ट्रीय युवा पुरस्कार, 15 से 29 वर्ष की आयु समूह के युवाओं को राष्ट्रीय या सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की पहचान के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार युवा को उनके समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, ताकि वह अपनी व्यक्तिगत संभावना को बेहतर नागरिक के रूप में सुधार सकें। यह पुरस्कार हर वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान दिया जाता है जो हर वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आरंभ होता है। शहर के महा युवा ग्राम हनुमान नगर में यह पुरस्कार समारोह संपन्न हुआ।

### फायरस्टोन ने 5 साल की वारंटी के साथ अपना अत्याधुनिक रोडहॉक 2 जेड टायर लॉन्च किया

**देहरादून।** फायरस्टोन, एक वैश्विक ब्रांड,जिसकी 120 साल पुरानी विरासत है, आज अपना - फायरस्टोन रोडहॉक 2जेड पेश किया है, जो अगली पीढ़ी का टायर है और इसे शानदार स्थानीय और उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ बनाया गया है। 5 वर्ष की वारंटी के साथ समर्थित, यह टायर नई उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए डिजाइन किया गया है, इस टायर में अपूर्व प्रदर्शन, बेहतर सुरक्षा, श्रेष्ठ माइलेज और उत्कृष्ट ब्रेकिंग क्षमताएँ मिलती हैं। फायरस्टोन का रोडहॉक 2 जेड टायर हैचबैक, सेडान और सीयूवी बाजार की मांग को पूरा करेगा। फायरस्टोन का रोडहॉक 2 जेड टायर12 से 16-इंच रिम आकार की अनुकूलता के साथ बनाया गया है। हमारे लिए यह एक गर्व का क्षण है कि हमने अमेरिका के प्रतिष्ठित टायर ब्रैंड को पेश करने का निर्णय लिया है और हमारे उत्पादों में रोडहॉक 2 जेड को शामिल किया गया है। टायर उद्योग में फायरस्टोन का 1900 के दशक से चली आ रही एक समृद्ध विरासत है।

## अहिल्याबाई होल्कर महापीठ में स्थापित होगी मां तुलजा भवानी की अखंड जोत

**कुल देवी**

**8 पीठधीश्वर विजय सिंह पाल ने बताया की माँ तुलजा भवानी होल्कर वंशियों की कुल देवी है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिद्ध पीठों में शामिल महाराष्ट्र के तुलजापुर मे स्थित माँ तुलजा भवानी की अखंड ज्योत सोमवार रात हरिद्वार पहुंची। अखंड जोत का भव्य स्वागत किया गया।
अखिल भारतीय पाल महासभा के उपाध्यक्ष और लोक देवी अहिल्या बाई होल्कर महापीठ के पीठधीश्वर विजय सिंह पाल अपने साथियों के



साथ जोत लेने के लिए गत 5 जनवरी को हरिद्वार से महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान महाराष्ट्र से लेकर हरिद्वार तक कई स्थानों पर अखंड जोत का भव्य स्वागत किया गया।
पीठधीश्वर विजय सिंह पाल ने बताया की माँ तुलजा भवानी होल्कर वंशियों की कुल देवी है। पूरे भारत वर्ष में 10 हजार से अधिक धार्मिक स्थलों का निर्माण और जीर्णोद्धार कर हिन्दू धर्म की पताका फहराने वाली शिव भक्त लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर को भी होल्कर वंशी मां तुलजा भवानी के रूप में ही पूजते हैं, इसीलिए हरिद्वार में भी हमारे द्वारा लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर महापीठ का निर्माण कराया जा रहा है, जहां मां तुलजा भवानी की अखंड जोत सदा जलती रहेगी। इस यात्रा में विपुल क्षत्रिय, पंकज पाल, सागर धापते पाटिल आदि लोग शामिल रहे।
भगवान श्री राम ने भी लिया था विजय श्री का आशीर्वाद-
मान्यता है कि रावण द्वारा सीता हरण के बाद श्री राम द्वारा युद्ध से पहले मां तुलजा भवानी की आराधना की गई थी। श्री राम की तपस्या से प्रसन्न होकर मां तुलजा भवानी ने श्री राम को दर्शन देकर विजय श्री का वरदान दिया था। तभी से माता का दूसरा नाम श्री राम वरदायनी भी पड़ा।
साथ ही ये भी मान्यता है कि आधुनिक काल मे मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से युद्ध के दौरान भी मां तुलजा भवानी की तपस्या की थी,तब भी माँ तुलजा भवानी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को साक्षात दर्शन दे कर एक तलवार भेंट की थी। बताया जाता है कि वो तलवार वर्तमान समय इंग्लैंड के म्यूजियम में रखी हुई है।

## एसएसपी ने किए पुलिस अधिकारियों के तबादले, आईपीएस मेहरा को मिली दोहरी जिम्मेदारी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने चार पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। जिसमें आईपीएस जितेंद्र मेहरा को एसीपी सदर के साथ साथ पुलिस लाइन की भी जिम्मेदारी दी गई। सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल के स्थान पर शांतनु पाराशर ज्वालापुर होंगे इसके साथ ही वह ऑपरेशन का कार्यभार भी संभालेंगे। पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल को महत्वपूर्ण लक्सर सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है।

## भारत-चीन सीमा पर पेट्रोलिंग करते फिसला सेना का जवान

**चिन्यालीसौड़/टीम एक्शन इंडिया**
भारत- चीन सीमा पर पेट्रोलिंग के दौरान सेना के जवान का ग्लेशियर से पैर फिसलने से बलिदान हो गया। बलिदानी 28 वर्षीय शैलेंद्र विकास खंड चिन्यालीसौड़ के कुमराड़ा गांव के निवासी थे।
शैलेंद्र गढ़वाल राइफल के गढ़वाल स्काउट में जोशीमठ में तैनात थे। सोमवार को शैलेंद्र के परिवार को आर्मी के अधिकारी ने बताया कि शैलेंद्र की गोल्डुंग पोस्ट नीती के पास बॉर्डर पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान हुए बलिदान की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि शैलेंद्र पेट्रोलिंग के लिए साथियों के साथ



जा रहा था तो अचानक उसका पैर फिसल गया है। वह ग्लेशियर की पहाड़ी से गिर गया, जब तक उसको निकाला गया, तब शैलेंद्र का बलिदान हो चुका था। शैलेंद्र के मामा ओम प्रकाश ने बताया कि 2 महीने पहले ही बलिदानी शैलेंद्र के पिता कृपाल सिंह कथैत की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। शैलेंद्र 22 नवंबर को छुट्टी काट कर गया था। वह यह कह कर गया था कि नया मकान बनाना है। उन्होंने बताया कि शैलेंद्र के 2 बच्चे है, जिनमें एक 4 साल का है और दूसरा डेढ़ साल का है। शैलेंद्र की पत्नी अंजू देवी ने रो- रो कर बुरा हाल है। उसने बताया कि उनकी दो दिन पहले ही अपने पति से बात हुई थी। उन्होंने ससुर की मृत्यु के बाद परिवार को संभालने की पूरी जिम्मेदारी मुझे देते हुए कहा था कि बड़े बच्चे को जल्दी ही सैनिक स्कूल में भर्ती करवा कर उसको भी सैनिक अधिकारी बना कर देश की सेवा के लिए तैयार करेंगे। उन्हें क्या पता था कि उनके अपने पति के साथ उनकी यह अंतिम बात होगी। शैलेंद्र के बलिदान की खबर इलाके में आग की तरह से फैल गई। हर तरफ सिर्फ शैलेंद्र की ही बातें हो रही हैं। शैलेंद्र के शहीद होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण सहित ग्राम प्रधान कुमराडा विनोद पुरसोडा, पूर्व प्रमुख विजेंद्र रावत,पूनम रमोला,शीशपाल रमोला ने शोक व्यक्त किया है।परिजनों ने बताया कि सैनिक का अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक घाट कुमराड़ा में सैनिक सम्मान के साथ किया जाएगा।

## राम मंदिर आंदोलन कार सेवा में जेल रहे काशीनाथ को किया सम्मानित



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नमो नमो मोर्चा भारत के प्रदेश संरक्षक विकास तिवारी के नेतृत्व व महिला मोर्चा हरिद्वार की जिला अध्यक्ष श्रीमती रंजिता झा के संयोजन में राम मंदिर निर्माण आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ को उनके राममंदिर निर्माण आंदोलन में किए गए योगदान के लिए नमो नमो मोर्चा भारत हरिद्वार द्वारा उनके आवास जाकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ ने बताया कि राम मंदिर निर्माण आंदोलन के दौरान वे डेढ़ माह तक मेरठ जेल में रहे। उन्होंने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि जेल में ही जब वे 1990 में बंद थे तो भाई दूज का त्योहार भी उसी मध्य था। उस समय मेरठ की सैकड़ों बहनों ने जेल में आकर हम सबको तिलक लगाया था, बल्कि सूखे गोले भेंटकर हम सबको भाई दूज की बधाई दी थी। जेल का वह मंजर याद कर वे आज भावुक भी हुए। कहा कि आज बहुत खुशी है कि उनकी आंखों के सामने भव्य श्रीराम का मंदिर बन रहा है और उनकी प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है
भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं नमो नमो मोर्चा के संरक्षक विकास तिवारी ने कहा कि आज देश भर में काशीनाथ जैसे हजारों लोग हैं, जिनके संघर्ष और बलिदान के स्वरूप यह सुखद घड़ी आई है। निश्चित रूप से आज काशीनाथ को सम्मानित करके हम सभी लोग खुद सम्मानित हो रहे हैं।
कार्यक्रम में नमो नमो मोर्चा भारत उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष आईटी सेल तरुण शुक्ल, जिला महामंत्री शिवशंकर पाण्डेय, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष इन्द्र राज दुग्गल, उपेन्द्र शर्मा, रविन्द्र कुमार, सुभाष चांदना, सतीश चौहान, पंकज चौहान, श्रीमती सुधा राठौर, श्रीमती संगीता बंसल, श्रीमती पुष्पा पाल व श्रीमती सपना शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## हनुमान चालीसा और विशेष स्वच्छता अभियान" चलाया, मंत्री और विधायक हुए शामिल

**स्वच्छता अभियान**

**8 डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक सविता कपूर ने भी मंदिर परिसर पर साफ-सफाई कर जय श्रीराम के जयकारे लगाए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीएमएस मंडल कैंट विधानसभा की ओर से मंगलवार को भी वार्ड 36 मोहित नगर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा और विशेष स्वच्छता अभियान" चलाया गया।
इस दौरान मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक सविता कपूर ने भी शिरकत की और कार्यकताओं के साथ मंदिर परिसर पर साफ-सफाई कर जय श्रीराम के



जयकारे लगाए।
मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाकर मंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी देशभर में मकर संक्रांति से कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में हनुमान मंदिर परिसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।
मंत्री ने कहा कि श्रीराम सभी भारतवासियों के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे संघर्षों एवं कई बलिदानों के बाद सत्य सनातन धर्म के प्रभु श्रीराम अयोध्या में बन रहे भव्य दिव्य नव्य मंदिर में 22 जनवरी को विराजमान होंगे।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इसका विधिवत लोकार्पण करेंगे, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा लोगों के हितों और श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। आम जनमानस को प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद स्वरूप पूजित अक्षत और श्रीराम मंदिर का चित्र भी वितरित किया।
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भगवान राम के जीवन की एक-एक घटना और उनका प्रत्येक निर्णय हमें एक आदर्श व्यक्ति बनाने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि श्रीराम शांति के स्वरूप भी हैं और शक्ति के भी। उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हम सभी 22 जनवरी को उस घड़ी के साक्षी होने जा रहे है। जब रामलला अपने जन्मस्थान में विराजित होंगे।
इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुमित पांडे, निवर्तमान वर्तमान पार्षद अमित सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल, विजय गुप्ता, शेखर नौटियाल, संतोष कोठियाल, मधु जैन, अजय जैन, राजकुमार तिवारी, मुक्त वर्मा, धीरज ग्रोवर, विनोद तोमर, अरुण वैश्य, सहित सैकड़ों की संख्या में मंदिर समिति के पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## प्रेरणादायी हैं गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

**सिखों** के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें संत सिपाही भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। बिचित्र नाटक को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत है। यह दशम ग्रंथ का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल पोंटा शब्द का अर्थ होता है पांव और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को पंज प्यारे चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने खालसा वाणी भी दी, जिसे वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह कहा जाता है।

# न्याय यात्रा से कांग्रेस का कितना भला होगा !

–राजेश माहेश्वरी

> "पूर्वोत्तर में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए 26 दिन तक पूर्वोत्तर के राज्यों में राहुल की यात्रा रहेगी। राहुल गांधी सबसे ज्यादा 17 दिन असम में रहेंगे। इसके अलावा मणिपुर में चार और नगालैंड में तीन दिन उनकी यात्रा चलेगी। अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में वे एक-एक दिन रहेंगे। सिक्किम, त्रिपुरा और मिजोरम उनकी यात्रा नहीं जाएगी। इन तीन राज्यों में चार लोकसभा सीटें हैं। यानी पूर्वोत्तर की 25 में से 21 सीटों वाले राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा जाएगी। मणिपुर से यात्रा शुरूआत हुई है, जहां लोकसभा की दो सीटें हैं। नगालैंड में एक और अरुणाचल व मेघालय में दो-दो सीटें हैं, जबकि असम में 14 सीटें हैं। इन राज्यों में राहुल गांधी 26 दिन यात्रा करेंगे। असम के अलावा बाकी किसी राज्य में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है। असम में भी कांग्रेस की सिर्फ तीन सीटें हैं"

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बीती 14 तारीख को भारत जोड़ो न्याय यात्रा षुरू कर दी है। यह राहुल गांधी की दूसरी यात्रा है। इससे पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ठीक एक साल पहले खत्म हुई थी। इसके तहत उन्होंने तमिलनाडु में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा की थी। कांग्रेस इसे सामाजिक, धार्मिक न्याय और अराजनीतिक यात्रा करार दे रहे हैं। कांग्रेसी न्याय और सहो मत, डरो मत के नारे लगा रहे हैं। न्याय यात्रा देश के 15 राज्यों और 110 जिलों से गुजरेगी। 66 दिन की यात्रा के बाद 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। तब तक आम चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी होंगी! राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी आखिरकार किस न्याय की बात कर रहे हैं? और किसको न्याय दिलाने के लिए वो यात्रा कर रहे हैं? लोकतंत्र में न्याय की अपेक्षा सरकार और न्यायपालिका से की जाती है। कोई ऐसी वारदात या सामाजिक दमन भारत में नहीं हुआ है, जिसके लिए न्याय की गुहार या उद्घोष किया जाए। या फिर हजारों किलोमीटर की लंबी यात्रा निकालने को विवश होना पड़ा। इस यात्रा से पहले राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा निकाली थी। एकजुट देश राहुल गांधी को टूटा हुआ क्यों दिखाई देता है, ये भी बड़ा सवाल है।

अपवाद हो सकते हैं, समस्याएं हो सकती हैं। कांग्रेस ने देश पर करीब 55 साल शासन किया है। ऐसे कौन से सामाजिक और धार्मिक अन्याय शेष रह गए हैं, जिन पर न्याय का दावा किया जा रहा है? इस देश पर सर्वाधिक समय तक शासन कांग्रेस पार्टी ने किया है। ऐसे में सवाल यह है कि अगर आजादी के इतने लंबे समय बाद भी अगर देष में समस्याएं और परेशानियां हैं तो उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उसी दल की होनी चाहिए, जिसने लंबे समय तक देश पर शासन किया। कांग्रेस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजनीतिक या चुनावी यात्रा नहीं है। वास्तव में कांग्रेसजन जिस यात्रा को भारत जोड़ो न्याय यात्रा बता रहे हैं वो एक राजनीतिक यात्रा है। जिसका मकसद कांग्रेस को सत्ता में लाना है। पूर्वोत्तर भारत का मणिपुर राज्य पिछले कुछ समय



से अशांत है। ऐसे में मणिपुर से यात्रा की शुरूआत कर कांग्रेस ने सिद्ध किया कि यात्रा किसी को न्याय दिलाने के लिए नहीं बल्कि राजनीति के लिए ही है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कामयाब बनाने के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी। दिल्ली से इंडिगो की एक पूरी फ्लाइट बुक करके करीब 200 नेता एक साथ मणिपुर पहुंचे। इनमें कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य, महासचिव, प्रवक्ता, तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता शामिल थे। अपने तमाम नेताओं को मणिपुर में एक मंच पर बैठकर कांग्रेस ने यहां के स्थानीय लोगों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि पूरी कांग्रेस दुख की घड़ी में उनके साथ है। रैली के मंच से कांग्रेस के लगभग हर नेता ने प्रधानमंत्री के पिछले आठ महीने के दौरान मणिपुर नहीं आने की आलोचना की।

पूर्वोत्तर में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए 26 दिन तक पूर्वोत्तर के राज्यों में राहुल की यात्रा रहेगी। राहुल गांधी सबसे ज्यादा 17 दिन असम में रहेंगे। इसके अलावा मणिपुर में चार और नगालैंड में तीन दिन उनकी यात्रा चलेगी। अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में वे एक-एक दिन रहेंगे। सिक्किम, त्रिपुरा और मिजोरम उनकी यात्रा नहीं जाएगी। इन तीन राज्यों में चार लोकसभा सीटें हैं। यानी पूर्वोत्तर की 25 में से 21 सीटों वाले राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा जाएगी। मणिपुर से यात्रा शुरूआत हुई है, जहां लोकसभा की दो सीटें हैं। नगालैंड में एक और अरुणाचल व मेघालय में दो-दो सीटें हैं, जबकि असम में 14 सीटें हैं। इन राज्यों में राहुल गांधी 26 दिन यात्रा करेंगे। असम के अलावा बाकी किसी राज्य में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है। असम में भी कांग्रेस की सिर्फ तीन सीटें हैं। इस तरह पूर्वोत्तर की कुल 25 में से कांग्रेस के पास सिर्फ तीन सीटें हैं। हालांकि हर राज्य में कांग्रेस का वोट आधार अब भी बचा हुआ है। असम में ही भाजपा को कांग्रेस से सिर्फ आधा फीसदी वोट ज्यादा मिला था। राहुल अपनी यात्रा से पूर्वोत्तर में कांग्रेस का खोया हुआ जनाधार हासिल करने की कोशिश करेंगे।

राहुल गांधी की ये यात्रा जिन लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी, उनमें से मात्र 15 सीटों पर ही कांग्रेस सांसद हैं। संभव है कि कांग्रेस की यह सोच रही होगी कि वह यात्रा के जरिए बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, महिला उत्पीड़न, कथित राजनीतिक अहंकार, अमीर-गरीब की खाई, आम आदमी को स्वाभाविक न्याय आदि मुद्दों पर व्यापक जनमत तैयार कर सकती है! बहरहाल उसे चुनाव स्पष्ट कर देंगे। कांग्रेस जातिवाद और मुस्लिमवाद की सियासत करती रही है। कर्नाटक और तेलंगाना के जनादेश इसके जीवंत उदाहरण हैं। इस यात्रा के लिए भी कांग्रेस ने गठबंधन के घटक दलों को विश्वास में नहीं लिया, लिहाजा सभी असमंजस में बयान दे रहे हैं। अलबत्ता कुछ दलों के नेता यात्रा में जरूर शामिल होंगे। कांग्रेस को ये देखना और सोचना चाहिए कि भाजपा ने पांच राज्यों के चुनावों से फुर्सत होने के बाद एक दिन भी व्यर्थ नहीं गंवाया और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई। जिन सीटों पर वह 2019 में हारी थी उनके उम्मीदवार वह जल्द घोषित करने के संकेत दे रही है । इसी तरह जिन राज्यों में कमजोर है उनमें भी उसने मोचेबंदी शुरू कर दी है। इसके विपरीत कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर उठने वाले मुद्दों पर अपनी नीति स्पष्ट करने असमर्थ नजर आ रही है।

इसका सबसे नया उदाहरण राममंदिर के शुभारंभ पर अयोध्या में आयोजित समारोह में शामिल न होने का निर्णय लेने में किया गया विलंब है। इसके कारण पार्टी का एक बड़ा वर्ग अपने को असहज महसूस कर रहा है। कुछ ने खुलकर शीर्ष नेतृत्व के फैसले को आत्मघाती बताने में हिचक नहीं की। राहुल को यद्यपि न्योता ही नहीं मिला किंतु इस ज्वलंत विषय पर वे स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बोल सके। ऐसे में आवश्यकता इस बात की थी कि वे बजाय सवा दो महीनों की लंबी यात्रा निकालने के, गठबंधन के घटक दलों के बीच सामंजस्य बिठाने का काम करते, जिनके बीच वैचारिक मतभेद और महत्वाकांक्षाओं का टकराव सर्वविदित है। राहुल गांधी की ये यात्रा जिन 15 राज्यों से गुजरेगी, उन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 357 सीटें हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को देखें तो इन राज्यों में कांग्रेस की स्थिति बहुत ही खराब है। कितनी खराब इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि इन 357 सीटों में पार्टी महज 14 पर ही जीत हासिल कर पाई थी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा वाले राज्यों में से 5 तो ऐसे हैं जहां 2019 में कांग्रेस खाता तक नहीं खोल पाई। कांग्रेस को इस यात्रा से उत्तर पूर्वी राज्यों में ठीक उसी प्रकार जीत की उम्मीद है जैसे भारत जोड़ो यात्रा से तेलंगाना और कर्नाटक में बड़ी जीत मिली है। कांग्रेस को जीत की उम्मीद तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी थी। लेकिन वहां उम्मीदों पर पानी फिर गया। राहुल गांधी की इस यात्रा का आगाज तो बहुत अच्छा हुआ है लेकिन अंजाम कैसा होगा यह चुनावी नतीजे बताएंगे। अब यह देखना अहम होगा कि इस यात्रा से कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में कितना लाभ मिल पाता है।

# कविता

तू मत डर
तू मत डर बिल्कुल
मत डर,
तेरे डर में ही तेरी
हार है,
ये दुनियावयी लोग
मन से बीमार है,
तुझे पता है
दुनिया डरती है उन
औरतों से
जो दुनिया से नहीं
डरते,
सभी खुराफाती लग
जाएंगे डराने,
हां तुझे डराने,
तेरी हिम्मत मिटाने,
तुझे पूरी तरह हराने,
और भी चाहेंगे क्या
क्या न जाने,
लेकिन तू मत डर,
बिल्कुल मत डर,
कुछ ऐसा कर कि
लोग तुझसे जले,
रह जाना है तुझे
सबसे भले,
वो उबाल ला अपने
खून में
कि तेरे बिना कुछ भी
न चले,
हर गरीब गुरबत को
लगाता चल गले,
तू मत डर, बिल्कुल
मत डर,
डरा के रख,
खामोश रख,
पाखंडियों को,
जातिवादियों को,
पुरुष मानसिकता से
पीड़ित बीमारों को,
जाति,धर्म के
तरफदारों को,
इसी में आधी दुनिया
की भलाई है,
जलने दे वो आग
जिसे
मुश्किलों से घिर तूने
सुलगायी है,
कोई रोक नहीं
सकता
तुझे सिंहासन सजाने
से,
तेरे नाम का डंका
बजाने से,
तू मत डर, बिल्कुल
मत डर।

राजेन्द्र लाहिरी

## सभी के लिए प्रेम और दया की भावना

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**सिख** इतिहास में दस गुरुओं के जीवन में ऐसे कई वाक्य हुए हैं जो हमें सिखाते हैं कि हमें अपना जीवन कैसे जीना चाहिये? उनके जीवन की इन घटनाओं से हमें यह पता चलता है कि हमें प्रभु को पाने के रास्ते पर चलने के लिए अपने अंदर सद्गुणों को ढालना होगा। उनमें से एक मुख्य सद्गुण है प्रेम। हमें सभी के प्रति चाहे वो हमारे परिवार, मित्र, अनजान व्यक्ति या दुश्मन ही क्यों न हों, यहाँ तक कि पेड़-पौधे और जानवरों आदि के लिए भी अपने अंदर प्रेम व दया की भावना को जागृत करना होगा। जब हम यह अनुभव करते हैं कि हम एक शरीर नहीं बल्कि एक आत्मा हैं तो तब हम इस सृष्टि के प्रति और ज्यादा जागरूक हो जाते हैं। हम हमेशा इस बात का ख्याल रखते हैं कि किन चीजों से इस धरती की संपदा को कायम रखा जा सकता है? इसके अलावा हम इस धरती पर रहने वाले छोटे से छोटे जीव-जंतुओं के दर्द के प्रति और भी ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। इसके साथ-साथ हम जानवरों और पेड़-पौधों के प्रति भी दया का भाव रखते हैं और उनकी पीड़ा को महसूस करने लगते हैं। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी के जीवन से एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटना हमें यह सिखाती है कि कैसे हमें दूसरों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिये? उन्होंने उस समय के शासक जो लोगों को हानि पहुंचाते थे, उनके साथ युद्ध किया। उनके प्रिय शिष्य भाई कन्हैया थे, जिन्हें युद्ध के मैदान में घायल सिपाहियों को पानी पिलाने की सेवा दी गई थी लेकिन भाई कन्हैया केवल अपनी तरफ के सिपाहियों को ही नहीं बल्कि दुश्मनों के घायल सिपाहियों को भी पानी पिलाते थे। तो कुछ लोग गुरु गोबिन्द सिंह जी के पास गए और उन्होंने उनसे भाई कन्हैया के इस व्यवहार की शिकायत की। तब गुरु गोबिन्द सिंह जी ने भाई कन्हैया से इसका जवाब पूछा तो भाई कन्हैया ने गुरु साहब को यह कहा कि, मैं जहाँ भी आपकी ज्योति देखता हूँ, मैं वहीं पानी पिला देता हूँ। तो गुरु गोबिन्द सिंह जी ने यह फरमाया कि यही एक ऐसा व्यक्ति है जिसने मेरी शिक्षा को सही रूप में समझा और उस पर अमल किया। तब उन्होंने भाई कन्हैया को यह भी हुकूम दिया कि अब आगे से पानी ही नहीं बल्कि उन सिपाहियों की मरहम-पट्टी भी किया करो। इसीलिए न सिर्फ सिख इतिहास से बल्कि सभी धर्म-ग्रंथों से हमें यही शिक्षा मिलती है कि हम एक सदाचारी जीवन व्यतीत करें क्योंकि सदाचारी जीवन की चाबी ही हमारे रूहानियत के सभी दरवाजों को खोल सकती है। सदाचारी जीवन का अर्थ यह है कि हम अपने जीवन में से अवगुणों को बाहर निकालें और सद्गुणों को अपने अंदर ढालें। अगर हमें भाई कन्हैया की तरह सभी जीवों में परमात्मा की ज्योति देखनी है तो हमें सबसे प्रेम करना होगा और दूसरों के प्रति नम्रता, ईमानदारी और दया का भाव अपने अंदर पैदा करना होगा ताकि हम चाहे जीवन की किसी भी परिस्थिति में हों, हम हर समय दूसरों से मीठी जबान में ही बात करें।

जैसे-जैसे हम रूहानियत में तरक्की करते हैं तब हम हर प्राणी मात्र की और ज्यादा देखभाल और सेवा करने लग जाते हैं। हम हर एक में परमात्मा की ज्योति देखने लग जाते हैं। यह बहुत ही जरूरी है कि हम यह समझें कि प्रभु की शरण में जाने के लिए सदाचारी जीवन सिर्फ एक पहला कदम है क्योंकि हममें से कई भाई-बहनों का यह भी ख्याल होता है कि सदाचारी जीवन व्यतीत करना ही सब कुछ है लेकिन संत-महापुरुष हमें समझाते हैं कि यह सिर्फ पहला कदम है। जैसे-जैसे हम अपने अंदर सद्गुणों को विकसित करते हैं वैसे-वैसे हमारे कदम परमात्मा को जानने व उसको पाने की ओर बढ़ते चले जाते हैं।

# विचार

## लक्षद्वीप पर्यटन एक नई ऊँचाई की ओर



डॉ. आशुतोष शर्मा

**भारत** का पर्यटन उद्योग देश के सभी सेवा व्यवसायों में सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और यह इसके विकास और विकास के अन्य पहलुओं, विशेषकर नौकरियों के सृजन के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय मानचित्र पर कुछ बिंदुओं की तरह दिखने के बावजूद, लक्षद्वीप द्वीपसमूह वास्तव में पन्ने और हीरों से भरा एक शानदार रत्न है जो भारत की दक्षिण-पश्चिमी सीमा को सुशोभित करता है। यह उन कुछ आश्चर्यों में से एक है जो उद्योग और उन्नति की पकड़ से बच गए हैं। गहरा नीला समुद्र, सफेद समुद्र तट, और लैगून जो अपने किनारों को आसपास की मूंगा चट्टानों से धोते हैं, सभी सहजीवी रूप से संबंधित हैं। और जब इन सभी को एक साथ शामिल किया जाता है, तो लक्षद्वीप भारत का सबसे छोटा नहीं बल्कि सबसे बड़ा क्षेत्र बन जाता है! लक्षद्वीप में एक नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र है और सरकार ने इसकी रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया है। लक्षद्वीप में एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की काफी संभावनाएं हैं जहां व्यापार और पारिस्थितिकी शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में हैं। लक्षद्वीप 36 द्वीपों से बना है जो कुल 32 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इनमें से केवल दस ही बसे हुए हैं। लक्षद्वीप में बंगाराम, कदमत, मिनिकॉय, कल्पेनी और कावारत्ती सबसे ज्यादा देखी जाने वाली जगहें हैं। लक्षद्वीप में एक हवाई अड्डे के केंद्र के आश्वासन के बावजूद, द्वीप मुख्य रूप से कनेक्शन के लिए कोच्चि, केरल की उड़ानों पर निर्भर हैं। फिलहाल, कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केवल लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप के लिए उड़ानें उपलब्ध हैं। एयर इंडिया की सहायक कंपनी एलायंस एयर की सप्ताह में छह दिन उड़ानें हैं। इस खूबसूरत यात्रा में लगभग एक घंटा तीस मिनट का समय लगता है, जो नीचे उतरते ही द्वीप के आश्चर्यजनक फि रोजा पानी का दृश्य प्रस्तुत करता है। अगत्ती द्वीप के हवाई अड्डे पर केवल छोटे आकार वाले विमान ही उतर सकते हैं। इसका उद्देश्य एक पूर्ण हवाई अड्डे के रूप में उन्नयन करना है जो कई शहरों से चौड़ी बॉडी वाले विमान प्राप्त करने में सक्षम हो। भारत सरकार द्वारा लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर एक नया हवाई अड्डा बनाने की परियोजना आगे बढ़ रही है। प्रस्तावित हवाई अड्डे पर सैन्य और निजी दोनों विमान उतर सकेंगे। हवाई पट्टी के निर्माण के स ाथ, भारत हिंद महासागर और अरब सागर पर अपनी निगरानी क्षमताओं में सुधार करने की योजना बना रहा है। भारतीय तटरक्षक रक्षा मंत्रालय के तहत हवाई क्षेत्र के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाला पहला बल था। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार, मिनिकॉय द्वीप पर हवाई पट्टी भारतीय वायु सेना के संचालन का आधार होगी। जब मिनिकॉय हवाईअड्डा चालू हो जाएगा, तो इससे अरब सागर की निगरानी करने की रक्षा बलों की क्षमता में सुधार होगा। इसके अलावा, यह सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगा। प्रसिद्ध पैराडाइज आइलैंड कॉटेज सरकार द्वारा संचालित पर्यटन आकर्षणों में से हैं, जिनकी देखरेख सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ नेचर टूरिज्म एंड स्पोर्ट्स द्वारा की जाती है। स्मार्ट सिटी कार्यक्रम से संबंधित एक नई योजना में नब्बे कमरों वाला एक होटल स्थापित करना है। भारत में एक भारतीय समूह द्वारा शुरू की गई पहली जल विला परियोजना, निजी क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपक्रम है। 2026 में, टाटा समूह का इरादा लक्षद्वीप में कदमत और सुहेली द्वीपों पर दो रिसॉर्ट विकसित करने का है। लक्षद्वीप में दो ताज-ब्रांडेड रिसॉर्ट्स पर पिछले साल जनवरी में टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। निगम के अनुसार, क्न्छछ इन ग्रीनफील्ड परियोजनाओं का विकास करेगा, जो 2026 में खुलने वाली हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की यात्रा के बाद लुभावने द्वीपों की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। जिसके पश्चात लोग तस्वीरें देखकर मंत्रमुग्ध हो गए और उनमें से कई ने इस क्षेत्र के प्राकृतिक वैभव की तुलना मालदीव से की। चर्चा का विषय तेजी से लक्षद्वीप के बुनियादी ढांचे पर केंद्रित हो गया क्योंकि संभावित पर्यटकों को आश्चर्य होने लगा कि क्या द्वीपसमूह में पर्यटकों की अपेक्षित आमद को संभालने के लिए पर्याप्त रिसॉर्ट और होटल हैं। पर्यटन की दृष्टि से लक्षद्वीप में अपार संभावनाएं हैं। निकट भविष्य में यह एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण होगा। सरकार हवाई अड्डा बनाने पर काम कर रही है; यह एक आवश्यकता है.

केरल में कनेक्टिविटी है, लेकिन एयर कनेक्टिविटी जरूरी है। स्विट्जरलैंड या न्यूजीलैंड की यात्रा करना आवश्यक नहीं है। लक्षद्वीप वह जगह है जहां पर्यटकों के लिए सब कुछ उपलब्ध है। लक्षद्वीप में पर्यटन उद्योग एक रोमांचक दौर में प्रवेश कर रहा है, जो कि हाल ही में निर्माण, पर्यटन में वृद्धि और लोगों की इसके बारे में अधिक जानने की इच्छा में वृद्धि से देखा जा सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई:** UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा देश को विश्व गुरु बनाएगी

संजीव

**अयोध्या में** पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार 22 जनवरी 24 के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि बन रहे नवीन मंदिर भूतल के घर में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। इस महान शुभ अवसर पर पूरे देश में आनंद का वातावरण रहेगा और देश के निवासी इस प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन कीर्तन, आरती, शंखनाद तथा अपने-अपने निवास पर सहस्त्रदीप प्रज्वलित करेंगे। यह अभूतपूर्व दीपोत्सव होगा। पूरा देश प्रभु राम के उच्चारण से गुंजायमान होगा।

भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है।

जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। ,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो।

## सियासी खिचड़ी पकाइए और पतंग की पेंच लड़ाइए

प्रभुनाथ शुक्ल

**मकर** संक्रांति पर नत्थन गुरु का मिजाज बदला-बदला दिख रहा है। भगवान सूर्य मकर राशि में इसी दिन प्रवेश करते हैं। नत्थन गुरु संक्रांति यानी खिचड़ी पर हर वर्ष गाँव - जवार के मित्रों को खिचड़ी भोज का न्योता भिजवाते हैं। लेकिन खिचड़ी भोज में आने के बाद भी नत्थन गुरु और दोस्तों के बीच खिचड़ी पक नहीं पाती। कभी चावल तो कभी दाल कच्ची रह जाती है। जिसकी वजह से खिचड़ी का स्वाद अधूरा रह जाता है। बेचारे इस समस्या को लेकर काफी गंभीर और परेशान रहते हैं। लेकिन खिचड़ी तो खिचड़ी ठहरी। अब पकाने वाले का दोष रहता है या खिचड़ी का यह नत्थन गुरू के समझ में नहीं आयी। निशानेबाज ! आखिर खिचड़ी का मामला क्या है, वह पकती क्यों नहीं। जबकी खिचड़ी पकाने में देश का हर आदमी और पूरी सियासत जुटी है। अब क्या बताएं गजाधर चाचा ! हमारे देश में खिचड़ी का इतिहास बहुत पुराना है। खिचड़ी और राजनीति का चोली दामन का साथ है। यहां खिचड़ी सरकारों का इतिहास रहा है। लेकिन खिचड़ी सरकारें चल नहीं पाईं। यहां तो दिन-रात सब अपनी-अपनी खिचड़ी पकाने में लगे रहते हैं। जिसकी खिचड़ी पक गई उसकी बात बन गयीं। सामने लोकसभा का चुनाव है। सभी अपने-अपने तरीके से खिचड़ी पका रहे हैं। कोई धर्म की खिचड़ी पका रहा है तो कोई जात की। लोगों को खिचड़ी भोज में शामिल होने का न्योता भी दिया जा रहा है। गजाधर काका सबसे बड़ी मुश्किल है खिचड़ी पकाने की। क्योंकि खिचड़ी जल्दी पकती नहीं है। राजनीति में तो लोग जबरिया खिचड़ी पकाते हैं। अब देखिए चुनाव करीब देख सत्ता और विपक्ष अपनी-अपनी खिचड़ी पकाने में जुटे हुए हैं। किसकी कितनी बढ़िया खिचड़ी पकती है यह वक्त बताएगा। एक समस्या और है खिचड़ी में सिर्फ चावल, आलू और दाल का ही अस्तित्व बचता है। सब्जी का तो कोई अस्तित्व नहीं बचता है। जबकी खिचड़ी में शामिल लोग चावल, आलू और दाल ही बनना चाहते हैं। यहीं बात सब्जियों को नागवार लगती है। जिसकी वजह से खिचड़ी पकते-पकते रह जाती है। वैसे भी मकर संक्रांति और पतंगबाजी एक दूसरे के पूरक हैं।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 17 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'अब अयोध्या की गलियों में दीपोत्सव होता है'

### 17 जनवरी को अयोध्या से हम एक नई वायु सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं: सीएम योगी

**लक्ष्य**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'डिवाइन अयोध्या' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने** कहा कि 30 दिसंबर के बाद से अलग-अलग डेस्टिनेशन के लिए अयोध्या की कनेक्टिविटी बढ़ती जा रही है। 17 जनवरी को अयोध्या से हम एक नई वायु सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं। यानी अयोध्या अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 821 एकड़ लैंड एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को उपलब्ध करा चुकी है। इसके दृष्टिगत हम सारी औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं। आज अयोध्या केवल जनआस्था का केंद्र नहीं बल्कि लाखों लोगों के रोजगार का माध्यम बन रहा है। अब अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलती हैं बल्कि दीपोत्सव होता है। आज की अयोध्या कर्फ्यू के दौर से नहीं गुजर रही है बल्कि राम नाम के संकीर्तन की गूंज से गूंजायमान हो रही है। सीएम योगी ने गुरुवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा होटल हयात में 'डिवाइन अयोध्या' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में होमस्टे शुरू करने के लिए अब तक 1000 लोगों ने आवेदन किया है। होमस्टे के कार्यक्रम के साथ लोगों के जुड़ने से एक तरफ जहां अतिथि देवो भवः का भाव व्यक्त होगा। वहीं दूसरी तरफ यह लोगों की आजीविका का माध्यम ही बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि नव्य अयोध्या में लोगों की श्रद्धा और विश्वास का भी सम्मान होगा। पर्यटकों को भी उनकी रुचि के अनुरूप वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिलेगा। साथ ही उन्हें वहां की पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा को देखने समझने और जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि नई अयोध्या में नाविक, टैक्सी चालक, ई-रिक्शा चालक समेत हर तबके के व्यक्ति के लिए असीम संभावनाएं होंगी।

**'200 इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या सिटी के लिए उपलब्ध'**

अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने की दिशा में हमारी सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है। 200 इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या सिटी के लिए उपलब्ध करवाई है। आने वाले समय में हम इसको 500 तक बढ़ाएंगे। अयोध्या के लिए और भी अनेक कार्यक्रमों को लेकर सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इसमें अयोध्या शोध संस्थान महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**अयोध्या में इस्कॉन ने खोला भोजनालय व अस्पताल**

**अयोध्या पूरी दुनिया में कृष्ण भक्ति की अलख जगाने वाली संस्था इस्कॉन ने प्राण** प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत अस्पताल और भोजनालय की स्थापना की है। इस्कॉन के बैनर तले विदेशी कलाकारों की टोली तुलसी उद्यान में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेगी। एनआरआई अभिषेक अग्रवाल दुबई से इसी कारण अयोध्या में हैं। सुरपति दास एवं अग्रवाल बताते हैं कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से समन्वय करके रानोपाली में भोजनालय और राम घाट चौराहे पर कार्यशाला के सामने अस्पताल स्थापित किया गया है।

## 550 सालों के संघर्ष बाद विशाल मंदिर तैयार

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह बहुत ही सौभाग्य की बात, कुछ लोग इसका विरोध कर रहे

**प्राण प्रतिष्ठा**

कई अन्य धर्मगुरुओं ने भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जोरदार तरीके से समर्थन किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वाम्नाय** गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी अधोकशजनानंद देवतीर्थ ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में मंदिर का गर्भगृह पूरा होने पर राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का समय बहुत ही शुभ है। कई अन्य धर्मगुरुओं ने भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जोरदार तरीके से समर्थन किया और कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग इसे भी मुद्दा बना रहे हैं।

**मंदिर का विरोध करना गलतः** उन्होंने कहा कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 1951 में हुई थी तब उसका गर्भगृह भी पूरा नहीं हुआ था। दूधेश्वर मंदिर के महंत नारायण गिरि ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह बहुत ही सौभाग्य की बात है। कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं यह गलत है।

**सोमनाथ के पुनर्निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल ने निभाई थी अहम भूमिकाः** उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर के कलश और ध्वजा को उसकी प्राण प्रतिष्ठा के 14 सालों बाद स्थापित किया गया था। इस कार्यक्रम में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद शामिल हुए थे और मंदिर का पुनर्निर्माण कराने में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की अहम भूमिका थी। वहीं, देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का किसी को भी मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 1951 में हुई थी तो तब उसका गर्भगृह भी पूरा नहीं हुआ था। लेकिन अयोध्या मंदिर का गर्भगृह पूरा हो चुका है और उसका भूतल भी पूरा हो चुका है।

**गर्व से सनातनी की तरह रहते हैं पीएम मोदीः** उन्होंने कहा कि मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो गर्व से सनातनी की तरह रहते हैं। डिब्रूगढ़ में पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी अधोकशजनानंद देवतीर्थ ने कहा कि कुछ तत्वों ने अपने स्वार्थ के लिए हिंदू समाज को गुमराह करने की कोशिश की है।

**फास्ट न्यूज**

### कचरा बीनने वाली बिहुलाबाई ने अयोध्या निर्माण में दिये 20 रुपये दान, मिला आमंत्रण

रायपुर: जा पर कृपा राम की होई, ता पर कृपा करहिं सब कोई..ह्य श्रीरामचरितमानस के अरण्यकाण्ड की यह चौपाई बहुत विख्यात है। प्रभु श्रीराम के वनगमन के दौरान महर्षि अगस्त्य के आश्रम में आगमन हुआ, उसके ठीक पहले उन्होंने यह बात कही कि जिस पर प्रभु श्रीराम की कृपा होती है उस पर सम्पूर्ण जगत की कृपा हो जाती है। उक्त चौपाई को चरितार्थ करता एक प्रसंग सामने आया है, जहां छत्तीसगढ़ की एक बुजुर्ग महिला जो कचरा बिनने का कार्य करती हैं उनको श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है। इस कड़ी में अयोध्या रामजन्म भूमि ट्रस्ट ने देश के नामचीन लोगों को आमंत्रित किया है। इसमें छत्तीसगढ़ की प्रयाग नगरी गरियाबंद जिला के राजिम के वार्ड नंबर एक गांधीनगर की रहने वाली 80 वर्षीय बिहुलाबाई को भी न्यौता भेजा है।

### सीएम साय ने हेलमेट जागरूकता रैली को किया रवाना

**जशपुर/रायपुरः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज** मंगलवार को जशपुर जिले के अपने गृहग्राम बगिया के निवास स्थल से सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता रैली और अंजोर रथ को रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया में सीट बेल्ट जरूर लगाएं। नशे में गाड़ी न चलाएं। सड़क पर लापरवाही से न चलें। एक छोटी सी चूक से कई जिंदगी दांव पर लग जाती है। अतः जिम्मेदारी पूर्वक नियमों का पालन करें। इस मौके पर विधायक पत्थलगांव गोमती साय, आईजी अंकित गर्ग, सीसीएफ नवीद सजाउद्दीन, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, एसपी डी रविशंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## डार्कनेट पर चल रहे एलएसडी कार्टेल का भंडाफोड़, 7 अरेस्ट



**टीम एक्शन इंडिया/कोच्चि।** नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने मादक पदार्थ एलएसडी या लिसेर्जिक एसिड डायथाइलैमाइड स्टांप और हशीश तेल की तस्करी में शामिल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उन्हें सोमवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एनसीबी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नापाक गतिविधियों के लिए डार्कनेट का इस्तेमाल कर रहे थे।

डार्कनेट का इस्तेमाल नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों के लिए किया जाता है। कुछ समय पहले जर्मनी से आए 10 एलएसडी स्टांप वाले एक कूरियर को एनसीबी ने रोका था।

**पर्दाफाश**

डार्कनेट का इस्तेमाल नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों के लिए किया जाता है

मामले की जांच के दौरान कई स्थानों पर छापेमारी की गई। इसी दौरान आरोपितों की गिरफ्तारी हुई।

326 एलएसडी स्टांप और आठ ग्राम हशीश तेल बरामद किया गया। एलएसडी मादक पदार्थ है। कागज के छोटे वर्गों (ब्लाट) पर इसकी परत लगाई जाती है जिसे चाटा या निगला जा सकता है। इसके सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने एशियाई और राष्ट्रीय खेलों के 168 पदक विजेताओं को दिए 33.83 करोड़ के नगद पुरस्कार।

### 'गुरु गोबिन्द सिंह का आध्यात्मिक संदेश विश्व कल्याण के लिए'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राज्यपाल ने प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह का महान व्यक्तित्व, उनके आध्यात्मिक संदेश हम सबकी भलाई और विश्व कल्याण के लिए है राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने अपने संदेश में ने कहा कि हमारे देश, धर्म, संस्कृति और सभ्यता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने हमें सदैव पवित्र भावनाओं और महान विजय की सीख दी है।

## पेट्रोलिंग करते ग्लेशियर से फिसला सेना का जवान, हुए बलिदानी

**टीम एक्शन इंडिया/चिन्यालीसौड़**
भारत- चीन सीमा पर पेट्रोलिंग के दौरान सेना के जवान का ग्लेशियर से पैर फिसलने से बलिदान हो गया। बलिदानी 28 वर्षीय शैलेंद्र विकास खंड चिन्यालीसौड़ के कुमराड़ा गांव के निवासी थे। शैलेंद्र गढ़वाल राइफल के गढ़वाल स्काउट में जोशीमठ में तैनात थे। सोमवार को शैलेंद्र के परिवार को आर्मी के अधिकारी ने बताया कि शैलेंद्र की गोल्डुंग पोस्ट नीती के पास बॉर्डर पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान हुए बलिदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शैलेंद्र पेट्रोलिंग के लिए साथियों के साथ जा रहा था तो अचानक उसका पैर फिसल गया है। वह ग्लेशियर की पहाड़ी से गिर गया, जब तक उसको निकाला गया, तब शैलेंद्र का बलिदान हो चुका था।

शैलेंद्र के मामा ओम प्रकाश ने बताया कि 2 महीने पहले ही बलिदानी शैलेंद्र के पिता कृपाल सिंह कथैत की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। शैलेंद्र 22 नवंबर को छुट्टी काट कर गया था। वह यह कह कर गया था कि नया मकान बनाना है। उन्होंने बताया कि शैलेंद्र के 2 बच्चे है, जिनमें एक 4 साल का है और दूसरा डेढ़ साल का है।

## ठंड से बचने को कमरे में जलाई थी अंगीठी, पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/पटियाला**
**पटियाला के** थाना कोतवाली के अधीन पड़ती मारकल कालोनी में कमरे में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे एक परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी व दो छोटे बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों में मूल रूप से बिहार का रहने वाला शाहबाज खान (29), उसकी पत्नी जरीना खान (25), पांच साल की बेटी रूकैया व तीन साल का बेटा अरमान शामिल है। थाना कोतवाली पुलिस के मुताबिक शाहबाज खान पटियाला की मारकल कालोनी में किराये पर कमरा लेकर अपनी पत्नी व दो छोटे बच्चों के साथ रहता था। वह दुकानों में पानी वाले कैंपर की सप्लाई का काम करता था। रोजाना की तरह काम से वापस लौटने के बाद परिवार के साथ खाना खाया। पुलिस के मुताबिक सामने के कमरे में किराये पर रहने वाले परिवार ने जब काफी देर तक शाहबाज खान के कमरे से कोई आवाज नहीं सुनी और न ही कोई हलचल दिखाई दी, तो उन्हें शक हुआ।

## स्टार्टअप मामले में गुजरात, केरल अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के मामले में गुजरात, केरल तथा कर्नाटक सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से जारी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में यह बात सामने आई है।




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यहां राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 जारी की। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि स्टार्टअप 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्टार्टअप और राज्य रैंकिंग पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए वाणिज्य मंत्री ने पिछले आठ वर्षों में स्टार्टअप क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि जो चीज कभी नवीनता थी, वह अब राष्ट्रीय मुख्यधारा का अभिन्न अंग बन गई है। इस अवसर पर डीपीआईआईटी में संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि करीब 1,800 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को पेटेंट प्रदान किया गया है। ऐसे मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 1.17 लाख से अधिक हो गई है। डीपीआईआईटी की ओर से जारी की गई स्टार्टअप रैंकिंग पुरस्कार में गुजरात को लगातार चौथी बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का दर्जा मिला है।

**जनमन** पीएम जनमन के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा

## 'समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिले योजनाओं का लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**विशेष रूप से** कमजोर जनजाति समूहों पीव्हीजीटी के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम जनमन के हितग्राहियों से चर्चा की। आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभागार में पीएम जनमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा,जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद गुहाराम



अजगले,कसडोल विधायक संदीप साहू,जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलूचंदन साहू,कलेक्टर चंदन कुमार, डीएफओ मयंक अग्रवाल कमार समाज जिला अध्यक्ष तीज राम कमार उपस्थिति रहे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन के पश्चात पीएम जनमन के तहत विभिन्न हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मेगा इवेंट में पीवीटीजी समूहों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- टीकाकरण,सुरक्षित प्रसव,आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, राशन कार्ड आजीविका के साधनों आदि के बारे में जानकारी दी गई और 1 हितग्राहियों को पक्के आवास के साथ ही विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा। 22 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड,1 हितग्राहियों को पक्के आवास,6 किसानों को किसान सम्मान निधि,3 हितग्राहियों को राशन कार्ड,2 हितग्राहियों को कृषि उपकरण,4हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड,6 को उज्ज्वला सिलेंडर,25 को जाति प्रमाण पत्र सहित सहित जाति प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा,जांजगीर चांपा सांसद गुहा राम अजगले द्वारा पीएम जनमन अंतर्गत दो मोबाईल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

